देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 26.07.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- राज्य सरकार, सेवामुक्त अग्निवीरों की रोजगार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए देश का पहला अग्निवीर रोजगार सेल स्थापित करेगी।
- कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सैनिक सम्मान समारोह में वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों और सैन्य विभूतियों को सम्मानित किया।
- प्रदेश में राज्य युवा महोत्सव के अंतर्गत 27 जुलाई से चार सप्ताह तक डिजिटल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।
- राज्य में अगले कुछ दिनों में कहीं–कहीं भारी बारिश का अलर्ट, सभी ज़िला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।।

रोजगार सेल

राज्य सरकार, सेवामुक्त अग्निवीरों की रोजगार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए देश का पहला अग्निवीर रोजगार सेल स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि पुलिस, वन विभाग तथा अन्य सरकारी सेवाओं में होने वाली भर्तियों में सेवामुक्त अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्वरोजगार के इच्छुक अग्निवीरों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों और सेवामुक्त अग्निवीरों को पर्वतीय क्षेत्रों में होमस्टे स्थापित करने के लिए विशेष अनुदान देने तथा सीमावर्ती गांवों में उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए आधारभूत सुविधाओं के विकास पर भी कार्य किया जा रहा है।

सम्मान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों और सैन्य विभूतियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान का अमर अध्याय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत विषम परिस्थितियों में भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देकर देश की विजय सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के 75 वीर जवानों ने कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया।

श्री धामी ने कहा कि देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्य धाम अंतिम चरण में है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## आंदोलन वापस

केंद्र सरकार के साथ सहमति बनने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी, सीजीपीए ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। नई दिल्ली में कल केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने सीजेपी प्रतिनिधि मंडल के साथ तीसरे दौर की वार्ता की। बैठक में परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि किसी प्रदर्शनकारी के विरुद्ध पहले से पुलिस रिपोर्ट दर्ज है तो उसे वापस लिया जाएगा। नीट यूजी पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिवारों को मुआवजा के मुद्दे पर श्री नड्डा ने कहा कि सरकार की पूरी संवेदना उनके साथ है।

## डिजिटल यूथ फेस्टिवल

प्रदेश में राज्य युवा महोत्सव के अंतर्गत 27 जुलाई से चार सप्ताह तक डिजिटल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ना, उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा राज्य की संस्कृति, पर्यटन और स्थानीय पहचान को बढ़ावा देना है।

इस महोत्सव में प्रत्येक सप्ताह एक फिटनेस और एक सांस्कृतिक या रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा व्यक्तिगत या टीम के रूप में भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए फिट उत्तराखण्ड ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य होगा, जिसके माध्यम से वे अपनी वीडियो और अन्य प्रविष्टियां अपलोड कर सकेंगे।

चार सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में सूर्य नमस्कार, पुश–अप, स्क्वाट और स्किपिंग जैसे फिटनेस चैलेंज के साथ ही उत्तराखण्ड की संस्कृति, स्थानीय पहचान, पर्यटन, फोटोग्राफी और प्रतिभा प्रदर्शन से जुड़ी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ज़िला स्तर पर चयनित विजेताओं को राज्य युवा महोत्सव के दौरान सम्मानित किया जाएगा। विभाग ने प्रदेश के युवाओं से इस डिजिटल अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है।

मौसम

प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार आज राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि कल देहरादून और बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों में भारी बारिश का यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने लोगों से नदी–नालों के समीप जाने से बचने, संवेदनशील व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की अपील की है। चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी मौसम की ताज़ा जानकारी लेकर ही यात्रा करने की सलाह दी गई है।

सतर्कता

मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट और राज्य में सक्रिय मानसून को देखते हुए सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों को उच्च सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन से जुड़ी समीक्षा बैठक में अब तक हुई क्षति, राहत और पुनर्बहाली कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को क्षति की रिपोर्ट जल्द शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

सचिव ने संबंधित विभागों को जल्द से जल्द बंद सड़कों को खोलने के निर्देश दिए ताकि प्रभावित क्षेत्रों तक राहत और आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से पहुंच सकें। उन्होंने राज्य के प्रमुख बांधों और बैराजों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।

सचिव ने पर्वतीय क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार रात्रिकालीन वाहन संचालन नियंत्रित या प्रतिबंधित करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही चारधाम यात्रा, कैलाश मानसरोवर यात्रा और कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं और त्वरित आपदा प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कांवड़ मेला

हरिद्वार में कांवड़ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आगामी मेले के लिए नियुक्त पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संयुक्त ब्रीफिंग पुलिस लाइन रोशनाबाद में आयोजित की गई। इस वर्ष कांवड़ मेला क्षेत्र को 18 सुपर जोन, 40 जोन और 141 सेक्टर में विभाजित किया गया है।

मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए छह हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और 13 कंपनियों की अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी 10 ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। इसके अलावा बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की चार टीमें भी चौबीसों घंटे तैनात रहेंगी।

बैठक में अधिकारियों ने पुलिस बल को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, अफवाहों पर रोक, संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर सतर्क निगरानी तथा किसी भी घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि हरकी पैड़ी सहित संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी और सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराया जाएगा।

ब्रीफिंग के दौरान मानसून को देखते हुए पुलिसकर्मियों को रेनकोट, टॉर्च और अन्य आवश्यक उपकरण साथ रखने तथा आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश भी दिए गए।

देवी महोत्सव

चंपावत जिले के लोहाघाट स्थित पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व की स्थली देवीधार में 27वां देवी महोत्सव शुरु हो गया है। पांच दिवसीय इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल हो रहे हैं।

मां भगवती की तपोभूमि देवीधार में महोत्सव का शुभारंभ कल मंदिर परिसर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा और पदयात्रा के साथ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच क्षेत्र की समृद्ध धार्मिक परंपरा और लोक संस्कृति का परिचय दिया।

इस मेले को पिछले 26 वर्षों से देवी महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं, शैक्षिक गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र–छात्राएं भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव में कुमाऊंनी लोक संस्कृति और लोक परंपराओं को विशेष स्थान दिया गया है। क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि महिलाओं और युवाओं के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव का समापन 29 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल मेले के साथ होगा।

क्रिकेट

हरारे में कल खेले गए दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में भारत ने जिम्बाब्वे को 90 रन से हरा दिया। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम 18वें ओवर में 129 रन पर सिमट गई। ईशान किशन ने शानदार 81 रन की पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीन मैचों की श्रृंखला में भारत ने 2—0 की बढत बना ली है।

भारत और जिम्बाब्वे के बीच इस श्रृंखला का तीसरा मैच आज शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा।